(ग) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय;

(घ) "आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से है;

(ड.) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है;

(च) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है;

(छ) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है;

(ज) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है;

(झ) "नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गो" का तात्पर्य समय-समय पर यथा संशोधित अधिनियम की *अनुसूची-एक* में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गो से है;

(ञ) "सेवा" का तात्पर्य राज्यपाल सचिवालय और घरेलू समूह 'क', 'ख', 'ग' तथा समूह 'घ' सेवा से है;

(ट) "अधीनस्थ सेवा चयन आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है;

(ठ) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और जो नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और, यदि कोई नियम न हों तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई हो;

(ड) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग- दो संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4- (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और इसमें अनुलग्नक वेतनमान ***अनुसूची-एक*** में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होंगे,

परन्तु यह कि-

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा; या

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जिन्हें वह उचित समझें।

भाग-तीन भर्ती

भर्ती का स्रोत

5- (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जाएगी:

(क) प्रतियोगी परीक्षा या चयन के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) व्यक्ति का जो ऐसी सेवा में ऐसे पद पर मौलिक क्षमता धारित करते हों, जैसा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये, स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा;

(2) उप नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची-एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के ***अनुसूची-2*** में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी स्थिति में अधिक नहीं होगी।

(3) इस नियमावली के उपबंधों के अध्यधीन, सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों, जैसा कि किसी विशिष्ट भर्ती अवधि के दौरान भरी जानी अपेक्षित हो/हों, को भरने के प्रयोजनार्थ अपनायी जाने वाली भर्ती की रीति या रीतियों और प्रत्येक रीति द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या का प्रत्येक अवसर पर अवधारण नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से किया जायेगा।

(4) तृतीय श्रेणी के पदों के सापेक्ष पदोन्नति के लिए विचाराधीन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पोषक संवर्ग में लगातार तीन वर्षों के लिए उपयुक्त और पात्र अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की दशा में, पदोन्नति कोटा के ऐसे पदों/रिक्तियों को इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए विहित नियमों के अनुसार भरे जाने वाले तृतीय श्रेणी के अधीन सीधी भर्ती कोटा के पदों/रिक्तियों में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

आरक्षण 6- अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण, समय-समय पर यथासंशोधित अधिनियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1993 और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 2020 के अनुसार भी और भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार होगा।

भाग-चार अर्हताएं

राष्ट्रीयता 7- सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी-
(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो; या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, युगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो:

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना आवश्यक है, जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो;

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा दी गयी पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर ले ;
परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता प्रमाण-पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा, और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणीः-किसी अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, किन्तु जिसे न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षिक अर्हता 8- किसी अभ्यर्थी को सेवा हेतु विहित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव, जैसा कि ***अनुसूची-3*** में दर्शित हैं, होना आवश्यक है।

अधिमानी 9- अन्य बातों के समान होने पर, सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा,

अर्हता

जिसनेः-

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो।

आयु 10- सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि किसी अभ्यर्थी ने उस कलेण्डर वर्ष की, जिसमें रिक्तियां विज्ञापित की जाय, जुलाई के प्रथम दिवस को ***अनुसूची-3*** में तत्समान पद के सापेक्ष यथा विनिर्दिष्ट न्यूनतम आयु प्राप्त कर ली हो और अधिकतम आयु से अधिक आयु प्राप्त न की हो;

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा में उतने वर्ष की शिथिलता प्रदान की जायेगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र 11- सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए जैसा वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये समस्त प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस बिन्दु पर अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी-संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा या किसी स्थानीय प्राधिकरण द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। नैतिक अधमता से अन्तर्ग्रस्त किसी अपराध के लिए दोष-सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति 12- सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो;

परन्तु यह कि सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

शारीरिक स्वस्थता 13- किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो, और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वहः-

(क) सेवा में राजपत्रित पद के मामले में, चिकित्सा बोर्ड द्वारा कोई परीक्षा उत्तीर्ण करे;
(ख) सेवा में अन्य पदों के मामले में, वित्तीय हस्त-पुस्तिका, खण्ड दो, भाग-तीन के अध्याय-तीन में अन्तर्विष्ट, मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करे;

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये किसी अभ्यर्थी से स्वस्थता का चिकित्सा प्रमाण-पत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग-पाँच भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों का 14- नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के प्रक्रम के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम-6 के

अवधारण

अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या को भी अवधारित करेगा। यथास्थिति आयोग/अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की सूचना उसे दी जायेगी।

आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15- (1)प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन-पत्र आयोग द्वारा ***अनुसूची-2*** के अनुसार सीधी भर्ती के आधार पर भरी जाने वाली पदों हेतु विज्ञापन में प्रदत्त प्रारूप में आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी अभ्यर्थी को परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश-पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात्, आयोग नियम-6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगा, जो इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा नियत मानक के अनुरूप हो।

(4) आयोग अभ्यर्थियों की उनकी प्रवीणता क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु संस्तुत करेगा जैसा कि वह उचित समझे। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर-बराबर अंक प्राप्त करें तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। आयोग नियुक्ति प्राधिकारी को सूची अग्रसारित करेगा।

टिप्पणी-प्रतियोगी परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम और नियम वही होंगे जैसा कि आयोग द्वारा समय-समय पर सरकार की सहमति से विहित किया जाय।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया

16- सेवा में सूचीकार, स्टोर कीपर, कम्प्यूटर सहायक, ड्राइवर श्रेणी-4, स्वागतकर्ता, हाउसकीपर (गृह व्यवस्थापक), स्टीवर्ड और शेफ के पद पर सीधी भर्ती समय समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के अनुसार की जाएगी।

आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

17- समीक्षा अधिकारी, समीक्षा अधिकारी(लेखा) और सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 1970 के अनुसार और अनुसूची-4 में दी गयी अन्य पात्रता शर्तो के अनुसार की जायेगी।

विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

18- उप सचिव, अनु सचिव, अनुभाग अधिकारी, निजी सचिव श्रेणी-तीन, निजी सचिव श्रेणी-दो, निजी सचिव श्रेणी-एक, कम्प्यूटर सहायक, पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, चालक विशेष श्रेणी, चालक श्रेणी-1, चालक श्रेणी-2, चालक श्रेणी-3, चालक श्रेणी-4, वरिष्ठ अनुसेवक, दफ्तरी, बेयरर, प्रधान रजक और सफाई जमादार के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन(सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992 के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड) नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्डों के आधार पर और अनुसूची-4 में दी गयी अन्य पात्रता शर्तों के अनुसार

की जायेगी।

संयुक्त चयन सूची

19- यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ, सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाये तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायगी जिसमें सुसंगत सूचियों से अभ्यर्थियों के नाम ऐसी रीति से लिये जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे, सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग -छः नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

20- (1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर जिसमें वे यथास्थिति नियम 15, 16, 17, 18 या 19 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में आये हों, नियुक्तियाँ करेगा।

(2) जहाँ, भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जानी हों तो नियमित नियुक्तियाँ तब तक नहीं की जायेंगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम 19 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायं तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख, उसी ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा जैसा कि चयन में अवधारित किया गया हो या यथास्थिति, जैसा उस संवर्ग में हो जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय। यदि नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जायं तो नामों को नियम 19 में निर्दिष्ट क्रम के अनुसार रखा जायेगा।

परिवीक्षा

21- (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति को समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(2) यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में या बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोषजनक ढंग से प्रदर्शन करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद, यदि कोई हो, पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें अभिमुक्त की जा सकती हैं।

(3) कोई परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (2) के अधीन प्रत्यावर्तित किया गया हो या जिसकी सेवायें अभिमुक्त कर दी गयी हों, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ विचार किये जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

22- (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि के अन्त में या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि:-

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय;
(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय; और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण किये जाने हेतु अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहाँ, समय-समय पर यथासंशोधित, उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है, वहाँ उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि संबंधित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

ज्येष्ठता 23- किसी श्रेणी के पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

भाग-सात वेतन इत्यादि

वेतनमान 24- (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय के वेतनमान अनुसूची-1 में दिये गये हैं।

परिवीक्षा अवधि में वेतन 25- (1) फण्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, जहाँ विहित हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायेगी, जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो;

परन्तु यह है कि यदि संतोषजनक सेवा प्रदान करने में विफल होने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो ऐसी बढ़ायी गयी अवधि की गणना तब तक वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

परन्तु अग्रतर यह कि समीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किसी व्यक्ति को उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि वह हिन्दी टंकण में 25 (पच्चीस) शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में 30 (तीस) शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति प्राप्त न कर ली हो;

परन्तु यह भी कि समीक्षा अधिकारी के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त किसी व्यक्ति को उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि उसने अस्सी घंटे की अवधि का कम्प्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (सीसीसी स्तर के समकक्ष) न किया हो तथा वर्ड, एक्सल और पीपीटी न सीखा हो और उक्त कम्प्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात आयोजित की जाने वाली परीक्षा उत्तीर्ण न कर ली हो;

(2) कोई व्यक्ति, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण किया हो, परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन, सुसंगत फण्डामेन्टल रूल्स द्वारा विनियमित किया जायेगा;

(3) कोई व्यक्ति, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, का परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन, राज्य के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग-आठ अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन 26- पद या सेवा लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हों या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर

देगा।

अन्य विषयों का विनियमन 27- ऐसे विषयों के संबंध में, जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों द्वारा आच्छादित न हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति, राज्य के कार्यकलापों के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता 28- जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में असम्यक् कठिनाई होती है, वहाँ उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

परन्तु यह कि जहॉ कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहॉ नियमों को अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व उस निकाय से परामर्श किया जायेगा।

व्यावृत्ति 29- इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस संबंध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सरकारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,
Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 02-07-2026
14:43:56
(**संजय प्रसाद**)
अपर मुख्य सचिव
गृह एवं गोपन विभाग
उ0प्र0 शासन।

अनुसूची-1
(नियम 4 देखिये)

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान (रूपये में)	मैट्रिक्स लेवल
1	2	3	4	5	6
(क) राज्यपाल सचिवालय					
1	राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव या सचिव	01	समूह-क	225000 182200-224100 144200-218200	17 15 14
2	राज्यपाल के विशेष सचिव	01	समूह-क	67700-208700 78800-209200 123100-215900 131100-216600 144200-218200	11 12 13 13क 14
3	विशेष सचिव-सह-वित्त नियंत्रक	01	समूह-क	123100-215900	13
4	राज्यपाल के विधिक सलाहकार	01	समूह-क	123100-215900	13
5	राज्यपाल के अपर विधिक सलाहकार	01	समूह-क	67700-208700	11
6	ज्येष्ठ चिकित्सा अधिकारी	01	समूह-क	67700-208700	11
7	चिकित्सा अधिकारी (महिला)	01	समूह-ख	56100-177500	10
8	राज्यपाल के उप सचिव	01	समूह-क	78800-209200	12
9	राज्यपाल के अनु सचिव	02	समूह-क	67700-208700	11
10	अनुभाग अधिकारी	04	समूह-ख	56100-177500	10
11	समीक्षा अधिकारी	19	समूह-ख	47600-151100	08
12	समीक्षा अधिकारी (लेखा)	02	समूह-ख	47600-151100	08
13	सहायक समीक्षा अधिकारी	22	समूह-ग	44900-142400	07
14	सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा)	03	समूह-ग	44900-142400	07
15	निजी सचिव श्रेणी-तीन	01	समूह-क	78800-209200	12
16	निजी सचिव श्रेणी-दो	02	समूह-क	67700-208700	11
17	निजी सचिव श्रेणी-एक	03	समूह-ख	56100-177500	10
18	अपर निजी सचिव	06	समूह-ख	47600-151100	08
19	प्रोग्रामर श्रेणी-एक	01	समूह-ख	56100-177500	10

20	पुस्तकालयाध्यक्ष	01	समूह-ख	47600-151100	08
21	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	01	समूह-ग	35400-112400	06
22	सूचीकार	01	समूह-ग	29200-92300	05
23	भेषजज्ञ (फार्मेसिस्ट)	01	समूह-ग	29200-92300	05
24	स्टोर कीपर	01	समूह-ग	29200-92300	05
25	कम्प्यूटर सहायक	05	समूह-ग	25500-81100	04
26	वाहन चालक श्रेणी-3	02	समूह-ग	25500-81100	04
27	वाहन चालक श्रेणी-4	04	समूह-ग	19900-63200	02
28	स्वागतकर्ता	07	समूह-ग	19900-63200	02
29	दफ्तरी	02	समूह-घ	19900-63200	02
30	वरिष्ठ अनुसेवक	08	समूह-घ	19900-63200	02
31	अनुसेवक	28	समूह-घ	18000-56900	01
32	परिचर	02	समूह-घ	18000-56900	01
33	फर्राश-सह-चौकीदार	01	समूह-घ	18000-56900	01
34	अनुसेवक (भिश्ती)	03	समूह-घ	18000-56900	01
35	सफाई कर्मचारी	13	समूह-घ	18000-56900	01
36	आया	01	समूह-घ	18000-56900	01
37	मलेरिया परिचर	02	समूह-घ	18000-56900	01
38	सफाई कर्मचारी (चिकित्सालय)	01	समूह-घ	18000-56900	01
	पदों की कुल संख्या	157			
(ख) घरेलू (हाउसहोल्ड)					
1	कम्पट्रोलर	01	समूह-क	67700-208700	11
2	राज्यपाल के ए0डी0सी0	02	समूह-क	अपने संवर्ग के अनुसार	--
3	हाउस कीपर (गृह व्यवस्थापक)	01	समूह-ग	35400-112400	06
4	स्टेवर्ड	01	समूह-ग	29200-92300	05
5	शेफ	01	समूह-ग	29200-92300	05
6	वाहन चालक विशेष श्रेणी	02	समूह-ग	44900-142400	07
7	वाहन चालक श्रेणी-1	02	समूह-ग	35400-112400	06
8	वाहन चालक श्रेणी-2	02	समूह-ग	29200-92300	05

9	कुक	04	समूह-घ	18000-56900	01
10	बेयरर	19	समूह-घ	19900-63200	02
11	प्रधान रजक	01	समूह-घ	19900-63200	02
12	सफाई जमादार	01	समूह-घ	19900-63200	02
13	मोटर क्लीनर	03	समूह-घ	18000-56900	01
14	सहायक बेयरर	07	समूह-घ	18000-56900	01
15	अनुसेवक (मेट)	08	समूह-घ	18000-56900	01
16	टेलर	01	समूह-घ	18000-56900	01
17	रजक	04	समूह-घ	18000-56900	01
18	सफाई कर्मचारी	05	समूह-घ	18000-56900	01
	पदों की कुल संख्या	**65**			

अनुसूची-2

(नियम 5, 15, 16 एवं 17 देखिये)

क्रम संख्या	**सेवा/पद का नाम**	**पदों की कुल संख्या**	**भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत**			**टिप्पणियां/भर्ती का स्रोत**
			सीधी भर्ती द्वारा (नियम 15 देखिये)	**पदोन्नति द्वारा (नियम 16 व 17 देखिये)**	**स्थानान्तरण/ प्रतिनियुक्ति द्वारा (नियम 5 देखिये)**	
1	2	3	4	5	6	7
(क) राज्यपाल सचिवालय						
1	राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव या सचिव	01	-	-	100%	भारतीय प्रशासनिक सेवा से।
2	राज्यपाल के विशेष सचिव	01	-	-	100%	भारतीय प्रशासनिक सेवा/ प्रांतीय सिविल सेवा से
3	विशेष सचिव-सह-वित्त नियंत्रक	01	-	-	100%	वित्त एवं लेखा सेवा से।
4	राज्यपाल के विधिक सलाहकार	01	-	-	100%	न्यायिक सेवा से।
5	राज्यपाल के अपर विधिक सलाहकार	01	-	-	100%	न्यायिक सेवा से।
6	ज्येष्ठ चिकित्सा अधिकारी	01	.	.	100%	चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से
7	चिकित्सा अधिकारी (महिला)	01	-	-	100%	चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार

						कल्याण विभाग से।
8	राज्यपाल के उपसचिव	01	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
9	राज्यपाल के अनुसचिव	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
10	अनुभाग अधिकारी	04	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
11	समीक्षा अधिकारी	19	50%	50%	-	पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा और पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
12	समीक्षा अधिकारी (लेखा)	02	50%	50%	-	पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा और पचास प्रतिशत आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
13	सहायक समीक्षा अधिकारी	22	70%	30%	-	(1) सत्तर प्रतिशत, आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा, (2)बीस प्रतिशत, स्वागतकर्ताओं में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा और (3) दस प्रतिशत कम्प्यूटर सहायक में से आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
14	सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा)	03	100%	-	-	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
15	निजी सचिव श्रेणी-तीन	01	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
16	निजी सचिव श्रेणी-दो	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
17	निजी सचिव श्रेणी-एक	03	-	100%	-.	पदोन्नति द्वारा।
18	अपर निजी सचिव	06	100%	-	-	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
19	प्रोग्रामर श्रेणी-एक	01	100%	-	-	आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
20	पुस्तकालयाध्यक्ष	01	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
21	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	01	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
22	सूचीकार	01	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
23	भेषजज्ञ (फार्मेसिस्ट)	01	-	-	100%	चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सेवा स्थानान्तरण द्वारा।
24	स्टोर कीपर	01	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
25	कम्प्यूटर सहायक	05	75%	25%	-	पचहत्तर प्रतिशत, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा एवं पच्चीस

						प्रतिशत समूह 'घ' कर्मचारियों के पदों से पदोन्नति द्वारा।
26	वाहन चालक श्रेणी-3	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
27	वाहन चालक श्रेणी-4	04	80%	20%	-	अस्सी प्रतिशत, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा और बीस प्रतिशत क्लीनरों एवं समूह 'घ' कर्मचारियों के पदों से, पदोन्नति द्वारा।
28	स्वागतकर्ता	07	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
29	दफ्तरी	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
30	वरिष्ठ अनुसेवक	08	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
31	अनुसेवक	28	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
32	परिचर	02	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
33	फर्राश सहचौकीदार	01	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
34	अनुसेवक (भिश्ती)	03	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
35	सफाई कर्मचारी	13	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
36	आया	01	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
37	मलेरिया परिचर	02	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के

						विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
38	सफाई कर्मचारी (चिकित्सालय)	01	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
	कुल पदों का योग	**157**				
(ख) **घरेलू (हाउस होल्ड)**						
1	कम्पट्रोलर	01	-	-	100%	प्रतिनियुक्ति द्वारा।
2	राज्यपाल के ए0डी0सी0	02	-	-	100%	प्रतिनियुक्ति द्वारा।
3	हाउसकीपर (गृह व्यवस्थापक)	01	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा।
4	स्टेवर्ड	01	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा।
5	शेफ	01	100%	-	-	अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा।
6	वाहन चालक विशेष श्रेणी	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
7	वाहन चालक श्रेणी-1	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
8	वाहन चालक श्रेणी-2	02	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
9	कुक	04	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
10	बेयरर	19	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
11	प्रधान रजक	01	-	100%	-.	पदोन्नति द्वारा।
12	सफाई जमादार	01	-	100%	-	पदोन्नति द्वारा।
13	मोटर क्लीनर	03	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
14	सहायक बेयरर	07	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
15	अनुसेवक (मेट)	08	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा

						कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
16	टेलर	01	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
17	रजक	04	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
18	सफाई कर्मचारी	05	100%	-	-	भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार, सीधी भर्ती द्वारा।
	पदों की कुल संख्या	**65**				

अनुसूची-3

(नियम 8 एवं 10 देखिये)

क्रम संख्या	**सेवा/पद का नाम**	**न्यूनतम आयु सीमा (वर्ष)**	**अधिकतम आयु सीमा (वर्ष)**	**विहित शैक्षिक अर्हता**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
(क) राज्यपाल सचिवालय				
1	समीक्षा अधिकारी	21	40	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता।
2	सहायक समीक्षा अधिकारी	21	40	**(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता; **(2)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा प्रदत्त **"ओ"** लेवल प्रमाण पत्र अथवा इसके समकक्ष कोई अर्हता; **(3)** हिन्दी टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति होनी आवश्यक है। **टिप्पणी**-अंग्रेजी टंकण का भी ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा।
3	समीक्षा अधिकारी (लेखा)	21	40	**(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/मानद विश्व विद्यालय अथवा संस्थान से लेखा कर्म के साथ वाणिज्य में

				प्रदत्त स्नातक उपाधि या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सी0ए0/ आई0सी0डब्लू0ए0 पाठ्यक्रम में स्नातक उपाधि। **(2)** डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा प्रदत्त **"ओ"** लेवल प्रमाण पत्र अथवा इसके समकक्ष कोई अर्हता; **(3)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है।
4	सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा)	21	40	**(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/मानद विश्वविद्यालय या संस्थान से लेखाकर्म के साथ वाणिज्य में प्रदत्त स्नातक उपाधि या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सी0ए0/ आई0सी0डब्लू0ए0 पाठ्यक्रम में स्नातक उपाधि। **(2)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा प्रदत्त **"ओ"** लेवल प्रमाण पत्र अथवा इसके समकक्ष कोई अर्हता, **(3)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है।
5	अपर निजी सचिव	21	40	**(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता होना आवश्यक है। **(2)** हिन्दी आशुलेखन में न्यूनतम अस्सी (80) शब्द प्रति मिनट और कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में न्यनूतम पच्चीस (25) शब्द प्रति मिनट की गति होनी आवश्यक है। उक्त प्रयोजन हेतु पॉच (5) प्रतिशत की त्रुटि अनुमन्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी की त्रुटि पॉच प्रतिशत से अधिक होगी, तब वह उस प्रयोजन हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा। **(3)** निम्नानुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है:- डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) अथवा सरकारी संस्था/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से समकक्ष पाठ्यक्रम।
6	प्रोग्रामर श्रेणी-एक	21	40	**(1)** किसी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से बी0ई0/बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) या किसी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से एम0एस0सी0/एम0एस0सी0(कम्प्यूटर विज्ञान) या डी0ओ0ई0ए0 सी0सी0 सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 में स्नातक और **'बी'** स्तरीय प्रमाण पत्र (एम0सी0ए0 के समकक्ष)। **(2)** डी0ओ0एस0/यूनिक्स/विन्डोज के अधीन कार्य वातावरण में सी0/सी0-फाक्स प्रो0 आर0डी0एम0एस0 जैसे ओरेकल/ इंगांश/ सिस बेस, डी0बी0/2 इत्यादि में साफ्टवेयर विकास का गहन ज्ञान।

				(3) नेटवर्किंग वातावरण जैसे नोबल और विन्डोज एन0टी0 का अभिदर्शन। **(4)** आफिस आटोमेशन पैकेज और इण्टरनेट का गहन ज्ञान।
7	सूचीकार	21	40	**(1)**भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता। **(2)** पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा। **(3)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0 टी0 द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) हेतु विहित पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।
8	स्टोर कीपर	21	40	**(1)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। **(2)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) हेतु विहित पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। **(3)** भण्डारण के अनुरक्षण और रख-रखाव में दो वर्ष का अनुभव हो।
9	कम्प्यूटर सहायक	21	40	**(1)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। **(2)** डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा प्रदत्त "ओ" लेवल प्रमाण पत्र या इसके समकक्ष अर्हता अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था/ विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा। **(3)** कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की गति।
10	स्वागतकर्ता	21	40	**(1)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। **(2)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) हेतु विहित पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। **(3)** हिन्दी टंकण में न्यूनतम पच्चीस शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी टंकण में तीस शब्द प्रति मिनट की गति अवश्य होना आवश्यक है। **टिप्पणी**-किसी सरकारी कार्यालय या निजी संस्था में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा।
11	वाहन चालक श्रेणी-4	21	40	**(1)** किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्था से कक्षा-आठ की परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया हो, और **(2)** सुसंगत नियमों के अधीन जिस दिनॉक को रिक्ति अधिसूचित होती है, उस दिनॉक के पूर्ववर्ती अन्यून तीन वर्ष की अवधि का, यथास्थिति भारी या हल्के वाहन चलाने का विधिमान्य ड्राइविंग लाइसेन्स रखता हो।

12	1. अनुसेवक 2. अनुसेवक (भिश्ती) 3. परिचर 4. फर्राश-कम-चौकीदार 5. आया 6. मलेरिया परिचर 7. सफाई कर्मचारी 8. सफाई कर्मचारी (चिकित्सालय)	21	40	**(1)** अनुसेवक, अनुसेवक (भिश्ती), परिचर, फर्राश-कम-चौकीदार, आया, मलेरिया परिचर, सफाई कर्मचारी और सफाई कर्मचारी (चिकित्सालय) के पद पर भर्ती हेतु किसी अभ्यर्थी के लिए कम से कम कक्षा पॉच की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। **(2)** कोई भी व्यक्ति सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह सफाई कार्य इत्यादि से संबंधित अपेक्षित ज्ञान और उस कार्य का अच्छा अनुभव धारित न करता हो।
(ख) घरेलू (हाऊसहोल्ड)				
1	हाउसकीपर (गृह व्यवस्थापक)	21	40	**(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता। **(2)** होटल मैनजमेण्ट में डिप्लोमा; **(3)**डी0ओ0ई0ए0सी0सी0सोसाइटी/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इनकम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) हेतु विहित पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना अवश्यक है। **(4)** ऐसे कार्यो से संबंधित दो वर्ष का अनुभव।
2	शेफ	21	40	**(1)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। **(2)** पाकशास्त्र में डिप्लोमा की परीक्षा उतीर्ण होना आवश्यक है। **(3)** तीन सितारा या उससे ऊपर के होटल में भारतीय तथा महाद्वीपीय भोजन पकाने का कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव अथवा शेफ द पार्टी अथवा कॉमिस-एक के पद का कार्य करने का अनुभव।
3	स्टेवर्ड	21	40	**(1)** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। **(2)** भारत सरकार या उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार के अधीन संस्था या विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय होटल और काउन्टर सर्विस का प्रमाण पत्र होना अपेक्षित। **(3)** किसी भी दो सितारा या उससे ऊपर के होटल में न्यूनतम दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव हो।

4	कुक	21	40	**(1)**कम से कम कक्षा पाँच की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है, किन्तु उन अभ्यर्थियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा जो कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण किया हो। **(2)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है। **(3)**संबंधित श्रेणी के संबधित कार्य का पर्याप्त ज्ञान और तत्सम्बन्ध में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव धारित करना आवश्यक है। **(4)** विहित मेन्यु के अनुसार विभिन्न व्यंजनों को पकाकर खाना बनाने की क्षमता को सिद्ध करना आवश्यक होगा।
5	सहायक बेयरर	21	40	**(1)**कम से कम कक्षा पाँच की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है किन्तु उन अभ्यर्थियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा जो कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण किया हो। **(2)** किसी होटल या रेस्तरा में संबंधित श्रेणी के कार्य के लिए सहायक बेयरर के रूप में या समान सामर्थ्य से कम से कम एक वर्ष का अनुभव अवश्य होना चाहिए। **(3)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है।
6	टेलर	21	40	**(1)**कम से कम कक्षा पाँच की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है किन्तु उन अभ्यर्थियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा जो कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण किया हो। **(2)** सम्बन्धित श्रेणी के सम्बन्धित कार्य में कम से कम एक वर्ष का अनुभव अवश्य होना चाहिए। **(3)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है।
7	रजक (लाण्ड्री मैन)	21	40	**(1)**कम से कम कक्षा पाँच की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है किन्तु उन अभ्यर्थियों को अधिमान प्रदान किया जायेगा जो कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण किया हो। **(2)** सम्बन्धित श्रेणी के सम्बन्धित कार्य में कम से कम एक वर्ष का अनुभव अवश्य होना चाहिए। **(3)** देवनागरी लिपि में हिन्दी पढ़ने और लिखने में समर्थ होना आवश्यक है।
8	मोटर क्लीनर	21	40	**(1)** किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है और भर्ती के समय, विधि मान्य ड्राइविंग लाइसेन्स रखता हो। **(2)** चार पहिया वाहनों के परिचालन का समुचित ज्ञान अवश्य होना चाहिए।
9	1. अनुसेवक (मेट) 2. सफाई कर्मचारी	21	40	**(1)** अनुसेवक (मेट) एवं सफाई कर्मचारी के पद पर भर्ती हेतु किसी अभ्यर्थी के लिए कम से कम कक्षा पाँच की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है; **(2)** कोई व्यक्ति सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति के लिए

				तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह सफाई कार्य इत्यादि से संबंधित अपेक्षित ज्ञान और उस कार्य का अच्छा अनुभव धारित न करता हो।

अनुसूची-4

(नियम 16 और 17 देखिये)

क्रम संख्या	पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	अगले उच्चतर पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस (पहली जुलाई) को न्यूनतम अर्हकारी सेवा	भर्ती हेतु प्रक्रिया
1	2	3	4	5
1	राज्यपाल के अनुसचिव	उप सचिव	1 वर्ष	राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव या सचिव में से ज्येष्ठतम अधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट विभागीय चयन समिति के माध्यम से।
2	अनुभाग अधिकारी	अनुसचिव	1 वर्ष	- तदैव -
3	समीक्षा अधिकारी	अनुभाग अधिकारी	5 वर्ष	-तदैव -
4	सहायक समीक्षा अधिकारी	समीक्षा अधिकारी	5 वर्ष	उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से।
5	सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)	समीक्षा अधिकारी (लेखा)	5 वर्ष	- तदैव -
6	स्वागतकर्ता (20 प्रतिशत) और कम्प्यूटर सहायक (10 प्रतिशत)	सहायक समीक्षा अधिकारी	3 वर्ष स्वागतकर्ता और कम्प्यूटर सहायक के पास भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को, सहायक समीक्षा अधिकारी पद की समस्त अनिवार्य और अधिमानी अर्हताएं जैसा कि इस नियमावली में विहित है, अवश्य होनी चाहिए, जिसके लिए पदोन्नतियाँ की जानी हैं।	- तदैव -
7	समूह 'घ' कर्मचारी	कम्प्यूटर सहायक	5 वर्ष समूह 'घ' कर्मचारी के पास भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को, कम्प्यूटर सहायक के पद की समस्त अनिवार्य और अधिमानी अर्हताएं, जैसा कि इस नियमावली में विहित है, अवश्य होनी चाहिए, जिसके लिए पदोन्नतियाँ की जानी है।	राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव या सचिव में से ज्येष्ठतम अधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट विभागीय चयन समिति के माध्यम से।
8	निजी सचिव श्रेणी-दो	निजी सचिव श्रेणी-तीन	1 वर्ष	- तदैव -

9	निजी सचिव श्रेणी-एक	निजी सचिव श्रेणी-दो	1 वर्ष	- तदैव -
10	अपर निजी सचिव	निजी सचिव श्रेणी-एक	5 वर्ष	- तदैव -
11	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	पुस्तकालयाध्यक्ष	02 वर्ष	- तदैव -
12	सूचीकार	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	05 वर्ष परन्तु सूचीकार के पोषक संवर्ग में निरंतर तीन वर्ष हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के उपलब्ध न हो पाने की दशा में, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के पद को सीधी भर्ती के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा जो इस पद पर सीधी भर्ती हेतु अन्यथा अर्ह एवं उपयुक्त हो तथा निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं भी रखता हो :- (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता। (2) पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र/डिप्लोमा। (3)डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी/ एन0आई0ई0एल0 आई0 टी0 द्वारा संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इनकम्प्यूटिंग (सी0सी0सी0) हेतु विहित पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।	- तदैव -
13	वाहन चालक श्रेणी-एक	वाहन चालक (विशेष श्रेणी)	01 वर्ष	- तदैव -
14	वाहन चालक श्रेणी-दो	वाहन चालक श्रेणी-एक	3 वर्ष	- तदैव -
15	वाहन चालक श्रेणी-तीन	वाहन चालक श्रेणी-दो	मौलिक रूप से नियुक्त वाहन चालक श्रेणी-3, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को वाहन चालक श्रेणी-3 के पद पर छः वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, अथवा भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को वाहन चालक श्रेणी-4 और वाहन चालक श्रेणी-3 के पद पर कुल मिलाकर पन्द्रह वर्ष की मौलिक सेवा पूर्ण कर ली हो, में से, पदोन्नति द्वारा।	- तदैव -
16	वाहन चालक श्रेणी-चार	वाहन चालक श्रेणी-तीन	9 वर्ष	- तदैव -

17	क्लीनर और समूह 'घ' कर्मचारी	वाहन चालक श्रेणी-चार	बीस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त क्लीनरों और समूह 'घ' कर्मचारियों, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पॉच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, और यथास्थिति, भारी या हल्के वाहनों को चलाने का अन्यून तीन वर्ष की अवधि का विधिमान्य ड्राइविंग लाइसेंस रखता हो और किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से आठवीं कक्षा की परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो, में से, पदोन्नति द्वारा; पोषक संवर्ग में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में, वाहन चालक श्रेणी-चार का पद भर्ती के समय सरकार के विद्यमान नियमों अथवा कार्यपालिक आदेशों के अनुसार सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जायेगा।	- तदैव -
18	अनुसेवक	वरिष्ठ अनुसेवक	02 वर्ष	राज्यपाल के विशेष सचिव द्वारा नाम निर्दिष्ट विभागीय चयन समिति के माध्यम से।
19	समस्त समूह 'घ' कर्मचारी	दफ्तरी	02 वर्ष कोई व्यक्ति दफ्तरी/बुक बाइन्डर के रूप में पदोन्नति हेतु तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह बुक बाइन्डिंग कार्य का अपेक्षित ज्ञान और उस कार्य का अच्छा अनुभव धारित नहीं कर लेता।	- तदैव -
20	सहायक बेयरर/ अनुसेवक (मेट)	बेयरर	02 वर्ष	- तदैव -
21	रजक	प्रधान रजक	02 वर्ष	- तदैव -
22	सफाई कर्मचारी	सफाई जमादार	02 वर्ष	- तदैव -

आज्ञा से,

Digitally signed by SANJAY PRASAD
Date: 02-07-2026 14:44:31

(**संजय प्रसाद**)
अपर मुख्य सचिव
गृह एवं गोपन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या:29 रा0पा0(1)/2026-सी0एक्स0-7तद्दिनॉक।

उपर्युक्त अधिसूचना (हिन्दी / अंग्रेजी) की प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नवत् प्रेषित :-

1- संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, लेखन-सामग्री, ऐशबाग, लखनऊ, उ0 प्र0 को उपर्युक्त अधिसूचना (हिन्दी / अंग्रेजी) की एक-एक प्रतियॉ इस आशय से प्रेषित कि गजट के आगामी अंक में उक्त अधिसूचना को प्रकाशित करते हुए उसकी 300 प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को उनके कार्यालय उपयोगार्थ प्रख्यापित नियमावली की 10 प्रतियों सहित।

3- सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ, उ0 प्र0, पिन-226010 को उनके कार्यालय उपयोगार्थ प्रख्यापित नियमावली की 02 प्रतियों सहित।

4- निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), श्री राज्यपाल, उ0 प्र0 को उनके कार्यालय उपयोगार्थ 02 प्रतियों सहित।

5- गजट के मुद्रण पर होने वाला व्यय विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक, राज्यपाल सचिवालय, उ0 प्र0 द्वारा वहन किया जायेगा। अत: संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 ऐशबाग, लखनऊ उ0 प्र0 द्वारा मुद्रण व्यय से सम्बन्धित बिल / वाउचर भुगतान हेतु विशेष सचिव/वित्त नियंत्रक, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 को भेजा जायेगा।

आज्ञा से,

(**अभय कुमार**)
विशेष सचिव।

संख्या:29 रा0पा0(2)/2026-सी0एक्स0-7तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0 प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, प्रधान स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उ0 प्र0 शासन।
5. उप कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबूगंज, हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226007
6. विशेष सचिव/विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक, राज्यपाल सचिवालय, उ0 प्र0।
7. कार्मिक नियमावली सेल, कार्मिक विभाग, उ0 प्र0 शासन।
8. सचिवालय प्रशासन अनुभाग-1(अधि0), उ0 प्र0 शासन।
9. वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12, उ0 प्र0 शासन।
11. वित्त (सामान्य) अनुभाग-1, उ0 प्र0 शासन।
12. न्याय (रिट) अनुभाग-6, उ0 प्र0 शासन।
13. संबंधित सहायक को इस आशय से कि इस अधिसूचना की हिन्दी व अंग्रेजी प्रति को सुसंगत पोर्टल पर तत्काल अपलोड किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(**प्रभात रंजन**)
उप सचिव।